तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

09 कलेक्टर ने विभिन्न विषयों की एक-एक कर समीक्षा की




09 समूचे छत्तीसगढ़ व बस्तर के विकास में ...



## खबर संक्षेप

### दूरसंचार कार्यालय के पास चला स्वच्छता अभियान



**कांकेर।** जन सहयोग संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत दूरसंचार कार्यालय से लेकर बच्चों के निको पार्क तक सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान कई घंटे तक चलाया गया, जिससे इस क्षेत्र की तस्वीर ही बदल गई। अभियान में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, धर्मेंद्र देव, भूतपूर्व सैनिक टेश्वर जैन, डॉ. श्याम देव, सागर देव, संजय कुंजाम, अनुपा गोटी, अनुपा वट्टी, तनीषा सलाम, आरती कोरेटी, यामिनी मरकाम ,लता कोरेटी, आरती मंडावी आदि ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता कार्य को पूर्णता तक पहुंचाया।

### दो दिवसीय वार्षिक कोरर मेला आज से



**कोरर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष दो दिवसीय वार्षिक मेला की शुरूआत आज 9 फरवरी सोमवार से होगा। व्यापारी जगह देखकर अपनी-अपनी दुकान लगाने में लगे हुये है। इस वर्ष आकाश झूला, टोरा-टोरा, ब्रेक डाँस, नाव झूला सहित बच्चों के विभिन्न प्रकार के झूले में लग गए है, जो आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहता है। अंचल का बड़ा मेला होने से लगभग 40 से 50 गाँव के लोग धूमधाम से मेला में शामिल होते है। मेला में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी के अलावा आसपास क्षेत्र के व्यापारी दुकान लगाते है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 10 को

**दुर्गुकोंदल।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे खेल मैदान गोविंदपुर में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूरे कांकेर जिले से कुल 251 बेटियों का विवाह संपन्न होना है। विकासखंड अंतर्गत कुल 29 जोड़े इस आयोजन में विवाह बंधन में बंधेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना है, जिससे उन्हें सामाजिक सम्मान के साथ विवाह का अवसर मिल सके।

### परीक्षाएं इसी माह से, नहीं रूक रही डीजे की आवाज

**पखांजुर।** बोर्ड की परीक्षाएं इस महीनें से शुरू होने जा रही है, ऐसे में पखांजुर अनुभाग क्षेत्र में तेज आवाज वाले डीजे बच्चों की पढ़ाई में गंभीर बाधा बन रहे है। दिन-रात हो रहे शोर से छात्र मानसिक तनाव में हैं और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। स्थानीय अभिभावकों की मांग है कि शासन-प्रशासन तेज आवाज वाले सभी डीजे पर कड़ी नजर रखते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई करे, ताकि विद्यार्थियों को शांत माहौल मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

### चिहरो में 13 से दो दिनी वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत चिहरो में वार्षिक मेला 13 एवं 14 फरवरी को दो दिवसीय में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम में रंगलहर लोक रिकाडिंग संस्था ग्राम खलारी, बालोद द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। संस्था द्वारा लोकगीत, नृत्य एवं पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। मेले में स्थानीय व्यापारियों द्वारा दुकानें, खानपान एवं अन्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

**सफलता :** मारा गया नक्सली कांकेर कंपनी नंबर का कमांडर था

# तीन दिनी महाराष्ट्र आपरेशन में कांकेर का कंपनी कमांडर व एक महिला नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में भामरागढ़ इलाके में तीन दिन तक चले सघन नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। इस आपरेशन में कुल सात नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जिनमें कांकेर जिले में सक्रिय कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू मड़ियाम और कंपनी नंबर 05 की महिला नक्सली जोगी सोढ़ी भी शामिल हैं।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में भामरागढ़ इलाके में कंपनी नंबर 10 के चार दर्जन नक्सली विगत दो सप्ताह से कांकेर जिला और महाराष्ट्र में आना जाना कर रहे थे। महाराष्ट्र के भामरागढ़ पुलिस अनुभाग इलाके में तीन दिन मुठभेड़ चली, जिसमें दूसरे दिन 03 और तीसरे दिन 04 नक्सली को मार गिराने का गढ़चिरौली पुलिस दावा कर रही है, परंतु जंगलो में इससे हटकर भी चर्चा हो रही है। मारे गए 07 नक्सलियों में 02 नक्सली कांकेर जिले में सक्रिय कंपनी नंबर 05 के है। नक्सलियों का नेटवर्क पूरी तरह से ध्वस्त है, इसलिए इस पर उनका बयान आ पाना अभी संभव नहीं दिख रहा है। गढ़चिरौली पुलिस ने ▶▶|शेष पेज 8 पर

### खास बातें

- खतरनाक नक्सली रूपी, शंकर, मनकू और चंदर पर अब कांकेर पुलिस की नजर
- कंपनी नंबर 05 की कमान अब किसके पास होगी, यह कुछ दिनों बाद चलेगा पता
- कंपनी नंबर के 05 के 15 सदस्यों में से 2 ढेर, 13 नक्सली सक्रिय
- परतापुर एरिया कमेटी में 14 नक्सली अभी भी सक्रिय
- उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत टेक्निकल टीम में 2 नक्सली सक्रिय
- उत्तर बस्तर डिविजन व्यूरो की सप्लाई टीम में 3 सक्रिय नक्सली




मृतक कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू

### मृतक नक्सलियों के पास से मिले हथियार






कंपनी नंबर 05 की सदस्य जोगी सोढ़ी

### कंपनी नंबर 05 में 13 सदस्य होने की संभावना

जानकारों की माने तो कंपनी नंबर 05 में 15 नक्सली सक्रिय है। कंपनी नंबर 05 के कमांडर राजू सलाम के समर्पण किए जाने के बाद से दक्षिण बस्तर बीजापुर जिले के दल्ला थाना बासागुड़ा का निवासी फागू मड़ियाम को कंपनी नंबर 05 का कमांडर बनाया गया था, इसके अलावा कंपनी नंबर 05 में आकाश, स्वरूपा उसेंडी, सुकदास उईका, जानकी सोढ़ी, जोगी सोढ़ी, भीमा उर्फ नंदू, कुमारी रोशनी मरकाम, मोनिका, कुमारी लिंगे, रंगाल पोटाई, दारसू शोरी, हिड़मा शोरी, शंकर और होलिका है। इसमें से दो फागू और जोगी सोढ़ी मुठभेड़ में मारे गए।

### मुठभेड़ में मारे गए नक्सली

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में पश्चिम सब-जोनल ब्यूरो के प्रभारी और कंपनी नंबर 10 के प्रभारी डीकेएसजेडसी प्रभाकर, कंपनी नं. 10 का प्रभारी व डीकेएसजेडसीएम रवि, प्रभाकर की गार्ड अनिला उर्फ बुदरी कोवाची पीपीसीएम, कामेश पाड़ा पीपीसीएम, भजनाथ सोढ़ी उर्फ भीमा होली एसीएम के अलावा कांकेर जिला में सक्रिय कंपनी नंबर 05 का कमांडर कांकेर जिला में सक्रिय कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू मड़ियाम,कंपनी नंबर 05 की सदस्य जोगी सोढ़ी पति सुकदास उईका मारे गई। हथियारों में तीन एके 47, 01 एसएलआर, एक 303 रायफल, 3 बीजीएल, 173 जीवित कारतूस और अन्य माओवादी साहित्य जब्त किया गया।

### फागू बीजापुर में करना चाह रहा था सरेंडर

दो माह पहले कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू कड़ियाम बीजापुर में सरेंडर करने की बात ग्रामीणों के मध्य किया था, परंतु रूपी के संपर्क में आ जाने के कारण उसने सरेंडर करने का मन बदल दिया। उसकी पत्नी जानकी सोढ़ी साए की तरह साथ में रहती थी, परंतु दोनो कैसे अलग हुए, यह रहस्य बन गया है। कंपनी नंबर 05 और परतापुर एरिया कमेटी में बची महिला नक्सली अपने पतियों और पुरूष नक्सली अपनी पतियों का बदला लेने के चक्कर में समर्पण के लिए सामने नहीं आ रहे है, उनके अंदर बदले की आग भड़क रही है।

## ट्रक-बाइक की भिड़ंत में गोदावरी माइंस के दो कर्मचारी की हुई मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- भैसाकन्हार क्षेत्र में रविवार को दोपहर डेढ़ बजे भीषण एक्सीडेंट हुआ, माहौल गमगीन

रायपुर की ओर जा रहे लौह अयस्क से भरी ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएफ 5400 और सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 19 बीटी 2100 की आमने-सामने भैसाकन्हार क्षेत्र में रविवार को दोपहर डेढ़ बजे भीषण एक्सीडेंट हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार साल्हे गांव निवासी गायता कपिल सलाम बाइक चला रहा था, जबकि उसके पीछे रितेश बढ़ई बैठा हुआ था। दोनों युवक गोदावरी माइंस में कार्यरत बताए जा रहे हैं और पैसा एटीएम से निकालने के लिए साल्हे से भानुप्रतापपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान भैसाकन्हार के पास रायपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक से मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित हुई और आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक ट्रक के नीचे आ गए और चक्का में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक ▶▶|शेष पेज 8 पर

## विधायक आशाराम मैदान से पंप हाउस पहुंचे और खिलाड़ियों की सुनीं समस्याएं





खिलाड़ियों को आश्वस्त किया- खेल सुविधाएं शीघ्र बेहतर की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनहित और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधायक आशाराम नेताम रविवार 8 फवरी को नरहरदेव स्कूल के मैदान में पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और खिलाड़ियो से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं। इस दौरान खेल सुविधाओं से लेकर शहर की मूलभूत आवश्यकताओं तक का गहन अवलोकन किया गया, ताकि विकास की रफ्तार को और तेज़ किया जा सके। विधायक आशाराम नेताम रविवार की सुबह सबसे पहले कांकेर के नरहरदेव स्कूल मैदान में पहुँचकर खिलाड़ियों से मुलाकात किया। मैदान में मौजूद स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रशिक्षकों ने खेल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, सुविधाओं की कमी और आवश्यक संसाधनों को लेकर अपनी बात रखी। निरीक्षण के दौरान मैदान की स्थिति, अभ्यास सुविधाएँ, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी जरूरतों का जायजा लिया गया। खिलाड़ियों को आश्वस्त किया गया कि खेल ▶▶|शेष पेज 8 पर

## पुलिस ने की 17 लीटर शराब जब्त, दो कोचियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोतवाली पुलिस कांकेर शराब कोचिया से 10 और आमाबेड़ा पुलिस ने 07 लीटर अवैध शराब को जप्त किया गया। दोनो आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर आबाकरी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 07 फरवरी को शहर में शराबियों, नशेड़ियों, गंजेड़ियों एवं अवैध शराब कारोबारियों पर निगरानी रखते हुए थाना कांकेर पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम ढेकुना स्थित गौशालापारा शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ ▶▶|शेष पेज 8 पर





## सुरेली सचिव की बाइक को ठोकने वाला शराबी कार चालक को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में तेज रफ्तार और शराब के नशे में वाहन चलाने की एक और दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। थाना कोरर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोदागांव और पोटगांव के बीच 7 फरवरी को घटित इस भीषण सड़क दुर्घटना में ग्राम पोटगांव निवासी ग्राम सचिव की मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोरर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन चालक को ▶▶|शेष पेज 8 पर

**मन में सभी प्राणियों के प्रति प्रेम और सदभवाना की भावना से जीवन होता है धन्य**

## छल-कपट नहीं निर्मल मन में ही होता है परमात्मा का वास : चैतन्य महराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठेलकाबोड़ में भागवत कथा के छठवें दिन डिडौंरी आश्रम के ब्रम्हचारी कथावाचक आशुतोष चैतन्य महराज ने कहा कि कहा कि मन में किसी भी प्राणी के प्रति छल-कपट नहीं रखना चाहिए। मन को पूरी तरह निर्मल रखें क्योंकि निर्मल मन में ही परमात्मा का वास होता है। भाव से ही परमात्मा प्रकट होते हैं। मनुष्य का मन प्रभु रूपी सागर के चरणो में आ जाए तो उस मनुष्य की नैया बिना डुबे पार हो जाती है।

कथावाचक ने गोवर्धन पर्वत, महारास, गोपी प्रेम रास, रूखमणी विवाह की कथा सुनाते कहा की यदि भक्त नहीं होंगे तो भगवान भी नहीं होंगे। यदि भगवान नहीं होंगे तो भक्त की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। दपर्ण में यदि धूल जम जाती है तो मनुष्य का प्रतिबिंब भी धुंधला प्रतीत होता है। इसी तरह मनुष्य को अपना मन रूपी दपर्ण पूरी तरह स्वच्छ रखना जरूरी है। जिस प्रकार वर्षा रूपी जल का लक्ष्य सागर में मिलना है उसी तरह मानव जीव का उद्देश्य भगवान में मिलने का रहना चाहिए। भाव, भावना, हृदय को भक्ति से सजाना चाहिए। भगवान के प्रति भक्ति धीरे धीरे बढ़ाने की जरूरत है, जिस कुलवंश में भक्त पैदा होते हैं वे माता पिता धन्य होते हैं। भगवान के चरणों के शरण में जो जाते हैं, उनका सम्मान करना चाहिए। माता पिता को भी चाहिए कि यदि उनका बच्चा भक्ति भाव रख रहा है तो भक्ति करने से मना नहीं करें बल्कि उसको बढ़ावा दें। यदि मनुष्य धर्म रूपी धन का संग्रह करता है तो वह मनुष्य आनंदित जीवन जीता है। बृजधाम की महिमा बताते कहा की वह अद्भुत तथा निराला धाम है। बृजवासियों के आग्रह पर भगवान कृष्ण ने उनको बैकुंठ का दर्शन कराया लेकिन उनको बैंकुठ रास नहीं आया। उन्हे बृजधाम में भगवान कृष्ण के साथ ठिठौली करना ही अच्छा लगता है।

**कृष्ण सुदामा प्रसंग पर आज होगी कथा-** कथा के सातवें दिन 9 फरवरी को सुदामा चरित्र एवं बैराग्य के साथ कृष्ण सुदामा मिलन प्रसंग की कथा सुनाई जाएगी। आज की कथा में बैराग्य और संतोष का गृहस्थ जीवन में महत्व के बारे में बताया जाएगा। साथ ही जीवन में भक्ति की महत्ता पर भी कथावाचक प्रकाश डालेंगे।



### बिना राधा के श्याम नहीं मिलते

कथावाचक ने कहा की बिना राधा रानी के श्याम नहीं मिलते। भौतिक विषयों के प्रति मनुष्य को ज्यादा नहीं भागना चाहिए। भौतिक चीजों से जिसने नाता जोड़ने पर दुख के सिवा कुछ नहीं मिलता। इस कारण ईश्वर से ही नाता जोड़ते उनसे ही प्रेम करना चाहिए। महारास का वर्णन करते कथावाचक ने कहा की भगवान कृष्ण ने शरद पूर्णिमा को यमुना तट में मधुबन में मुरली बजाई तो गोपिकाएं अपनी सुध बुध खो बैठी और सारे काम छोड़ कृष्ण के पास आकर बैठ गईं। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रध्दालु महिला पुरूष पहुंच रहे हैं।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर की ठगी, आरोपी राजस्थान अलवर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर



- आरोपी शाहिद खान ने पीड़ित से 84 हजार की ठगी की थी

वीडियो कॉल के जरिए अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले साइबर ठग को भानुप्रतापपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्थान के अलवर जिले से दबोचा और उसके कारनमों का पर्दाफाश किया। जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थाना में 2 फरवरी को शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। इसके बाद कॉल करने वाले व्यक्ति ने प्रार्थी को वीडियो एवं फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए भयभीत किया और भयभीत करते हुए उससे 84 हजार रूपए की ठगी कर लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना भानुप्रतापपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ▶▶|शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### 30 किसानों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए ओडिशा जयपुर हुआ रवाना



**दुर्गुकोंदल।** परम्परागत कृषि विकास योजना अंतर्गत दुर्गुकोंदल विकासखंड के कृषकों को जैविक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक एवं सफल कृषि मॉडल की जानकारी देने हेतु शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 30 कृषकों को जयपुर एवं ओड़िसा के लिए शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। कृषकों की रवानगी कार्यक्रम में ग्राम पंचायत एवं जनपद स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोमदेव सुलोचना कोरेटी कृषि सभापति, सविता उइके जनपद सभापति, हुमन सिंह मरकाम, मुकेश कुमार नरेटी सरपंच, बीआर मरकाम, मनोहर चंद्रवंशी, हलधर नेगी तथा बलवंत बघेल की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर कृषकों को रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अन्य राज्यों में हो रही उन्नत खेती, जैविक उत्पादन, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, बाजार व्यवस्था, प्रसंस्करण इकाइयों एवं सफल किसान समूहों के कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देख सकेंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परम्परागत कृषि विकास योजना के माध्यम से किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य किसानों को प्रेरित करना तथा सफल कृषि मॉडल से परिचित कराना है। भ्रमण दल जयपुर एवं ओड़िसा में जैविक खेती, फसल चक्र, वर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक कीटनाशक निर्माण, किसान उत्पादक संगठन, उन्नत बीज उत्पादन तथा आधुनिक सिंचाई पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करेगा।

### वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम विद्यार्थियों का किया सम्मान



**दुर्गुकोंदल।** संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भण्डारडिगी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया। सांध्यकालीन कार्यक्रम में विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि देवलाल नरेटी, देवेंद्र टेकाम, रमुला राजेंद्र नरेटी, मंचासीन विशिष्ट अतिथियों तथा विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुभारंभ के बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्राचार्य ने स्वागत वक्तव्य में विद्यालय से जुड़े संस्था की गतिविधियों, वार्षिक प्रतिवेदन, उपलब्धियों, छात्र-छात्राओं की संख्या, शैक्षणिक कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एकलव्य विद्यालय का उद्देश्य आदिवासी अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान करना है। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से श्रोताओं व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकगण एवं अतिथिगण तालियों की गूंज के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और अधिक बढ़ा। कार्यक्रम में अभिभावकगण सहित सरपंच संघ अध्यक्ष शकुंतला नरेटी, जनपद पंचायत सदस्य एवं सभापति सविता उइके, ललित नरेटी, रामचंद्र कल्लो, विजय पटेल, राजेंद्र नरेटी, धनेश नरेटी, दीपक पुडो तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानस गान संस्कृति- नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यमः टेकाम

**तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान कार्यक्रम का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

केशकाल ब्लाक के धनोरा में रामायण समापन के अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम और जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई और सरपंच धारनीं प्रधान पहुंचे। आयोजन के समापन पर जिसमें धनौरा एवं आसपास के ग्राम के ग्राम प्रमुख प्रतिष्ठित जन पंचायत पदाधिकारी एवं महिलाए बड़ी संख्या में सहभागी बनी ।

ग्राम पंचायत धनोरा के माध्यमिक शाला प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान कार्यक्रम के अंतिम दिन केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आई 24 से अधिक मानसगान मंडलियों ने रामचरितमानस के पाठ और भक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। अपने संबोधन में विधायक टेकाम ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता, सद्भाव और परंपराओं को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। मानस गान हमारी संस्कृति और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।





### ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं

विधायक नीलकंठ टेकाम ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं। अंत में उन्होंने सभी मंडलियों को शुभकामनाएं और सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विधायक के साथ जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष नंदिनी पोटाई भी मौजूद रही।

## आयोजित : कोंडागांव ने आयुष स्वास्थ्य सेवाओं में रचा नया कीर्तिमान

# आयुर्वेद औषधालय बोरगांव व अनंतपुर आयुष केंद्र को मिला 'कायाकल्प आयुष' प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कड़े मापदंडों पर खरा उतरा बोरगांव आयुष्मान आरोग्य मंदिर
- स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित है कायाकल्प आयुष योजना

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कोंडागांव जिले ने एक बार फिर राज्य स्तर पर अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ आयुष विभाग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कायाकल्प आयुष' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव ने बस्तर संभाग में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। वहीं अनंतपुर आयुष केंद्र ने भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संभाग स्तरीय सम्मान अर्जित कर जिले को दोहरी उपलब्धि दिलाई है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित इस पहल में बोरगांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, भवन संधारण, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं सौंदर्यीकरण जैसे कड़े मापदंडों पर किया गया। केंद्र ने सात प्रमुख श्रेणियोंः आयुष स्वास्थ्य केंद्र संधारण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायक सेवाएँ, स्वच्छता संवर्धन एवं सेवा गुणवत्ता समीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित कायाकल्प आयुष योजना का उद्देश्य आयुष अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को संस्थागत रूप देना है, जिससे मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें।



### रायपुर में हुआ सम्मान समारोह 75 हजार की प्रोत्साहन राशि

4 फरवरी को राजधानी रायपुर में आयोजित कायाकल्प आयुष पुरस्कार वितरण समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संचालक आयुष संतन देवी जांगड़े एवं सचिव अमित कटारिया द्वारा बोरगांव एवं अनंतपुर आयुष केंद्र को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं 75 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मेहनत और प्रतिबद्धता का मिला प्रतिफल

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि आयुष चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण ही सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों की मजबूत आधारशिला होता है।

### जिला प्रशासन और आयुष विभाग ने जताया हर्ष

बोरगांव एवं अनंतपुर आयुष केंद्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। यह सम्मान अन्य आयुष केंद्रों को भी स्वच्छता, गुणवत्ता एवं सेवा उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करेगा तथा जिले के नागरिकों को और अधिक भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

# बच्चों में अपनी संस्कृति और गौ–विज्ञान को गहराई से जानने की दिखी जिज्ञासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2025 जिले में एक अनूठी पहल के रूप में सामने आई है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भारतीय गौ माता के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना है। यह आयोजन विद्यार्थियों एवं युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ने और गौ माता के संरक्षण व संवर्धन के प्रति संकल्पित करने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। सरस्वती शिशु मंदिर कोंडागांव एवं सेजेश केशकाल में जिला स्तरीय परीक्षा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस ज्ञान यज्ञ में कुल 280 छात्र–छात्रओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। परीक्षा के दौरान बच्चों में अपनी संस्कृति और गौ–विज्ञान को गहराई से जानने की जिज्ञासा साफ देखी गई। आयोजन को यादगार बनाने के लिए परीक्षा में सम्मिलित सभी बच्चों को पंचगव्य किट उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इस किट के माध्यम से बच्चों को गौ–उत्पादों की उपयोगिता और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में व्यवहारिक जानकारी दी गई। परीक्षा



के पश्चात सभी बच्चों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जहाँ बच्चों ने बड़े चाव से खिचड़ी का आनंद लिया। सहायक जिला नोडल अधिकारी अशोक कुमार साहू ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि नई पीढ़ी को गौ–वंश के वैज्ञानिक पहलुओं से अवगत कराना समय की मांग है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और छात्र–छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामकुमार पात्र जिला गौ सेवा आयोग सदस्य, डॉ. हितेश मिश्रा कृषि वैज्ञानिक, सहदेव मरकाम जिला कार्यक्रम अधिकारी, अशोक कुमार साहू बी आर पी सहायक जिला नोडल अधिकारी गौ विज्ञान परीक्षा कोंडागांव, जगदीश देवांगन व्याख्याता, परशु मरकाम प्रधानाचार्य, प्रकाश देवांगन, मदन नेताम प्रधानाध्यापक, मुकेश सोनी शिक्षक, सावन कुमार, टिंकू कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

# बीआरपी ने शादी की सालगिरह पर बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू हुए न्योता भोज कार्यक्रम से समाज के विभिन्न वर्ग लगातार जुड़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद प्राथमिक शाला चिपावण्ड में बीआरपी अशोक साहू ने अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, पुलाव, सलाद एवं पापड़ परोसा गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, एपीसी श्रीनिवास नायडू, एपीसी सहदेव मरकाम, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावण्ड शीला सोनपिपरे, सीएसी सुरेश देवांगन एवं प्रधान अध्यापक बलधर भोयर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अशोको उनकी शादी की सालगिरह की शुभकामनाएँ देते हुए इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

### जिले में 99 प्रतिशत स्कूलों में हो चुका है न्योता भोज आयोजन

जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने बताया कि जिले के लगभग 99 प्रतिशत स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम के अंतर्गत लोग अपने विशेष अवसरों पर बच्चों के साथ खुशियाँ साझा कर चुके हैं। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों एवं आश्रम शालाओं में न्योता भोज आयोजन के लिए अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने की अपील की। इस आयोजन को सफल बनाने में संकुल चिपावण्ड के हीरालाल चुरेन्द्र, नीरज ठाकुर, प्रियंका पटेल, लता देवांगन, मोहन कोमरे एवं सुरेश कोर्राम का विशेष सहयोग रहा।



### सामुदायिक सहभागिता से बच्चों के पोषण की अभिनव पहल

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा न्योता भोज की अभिनव पहल की गई है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या संस्था जन्मदिन, वर्षगांठ या अन्य विशेष अवसरों पर नजदीकी स्कूल, आश्रम या छात्रवास में बच्चों के लिए पूर्ण भोजन या पूरक पोषण जैसे फल, मिठाई, नमकीन, अंकुरित अनाज आदि का आयोजन कर सकता है।

# बस्तर में लिखी गई औषधीय खेती की नई इबारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 16 गांवों से उमड़े आदिवासी किसान
- मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म में आदिवासी, वैज्ञानिक और स्थानीय नेतृत्व का संगम

बस्तर में औषधीय खेती को लेकर आयोजित प्रशिक्षण–सह–कार्यशाला केवल एक कृषि आयोजन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज, वैज्ञानिक संस्थानों और स्थानीय नेतृत्व के ऐतिहासिक संगम के रूप में सामने आई। यह आयोजन मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर, चिखलपुटी में संपन्न हुआ।

कोंडागांव, माकड़ी और मर्दापाल विकासखंड के 16 गांवों लेमड़ी, सितली, केरावाही, बांग्ला, भोगाड़ी, गोलावंड, उमरगांव, भीरावंड, खड़का, कांटागांव, बड़े बेंदरी, पोलेंग, पल्ली सहित अन्य गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी किसान बहन–भाई कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक हाल खचाखच भरा रहा, जो बस्तर में जैविक व औषधीय खेती के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रमाण है।

### कांटागांव की राजकुमारी मरकाम सम्मानित

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही माकड़ी विकासखंड के कांटागांव की प्रगतिशील आदिवासी महिला किसान राजकुमारी मरकाम का सम्मान। उन्होंने निःशुल्क पौधों से 54 किलो काली मिर्च का उत्पादन कर यह सिद्ध किया कि सही मार्गदर्शन और बाजार सहयोग से आदिवासी किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं।



### बस्तर बन सकता है हर्बल क्रांति का केंद्र

*विशेषज्ञों के अनुसार आयुष एवं औषधीय पौधों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। बस्तर की उपजाऊ मिट्टी, आदिवासी परिश्रम, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और अब आदिवासी समाज के शीर्ष नेतृत्व का खुला समर्थन, यह संकेत देता है कि मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की यह पहल आने वाले समय में एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकती है। यह आयोजन बस्तर में जैविक खेती, वन संरक्षण और आदिवासी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो रहा है, जहां परंपरा और विज्ञान मिलकर विकास की नई राह गढ़ रहे हैं।*

### जड़ी–बूटी खेती को लेकर बढ़ा उत्साह

कार्यक्रम में किसानों ने काली मिर्च, ऑस्ट्रेलियन टीक, हल्दी, एनाटो, सफेद मूसली और स्टीविया जैसी फसलों का अवलोकन किया। साथ ही अश्वगंधा एवं कपिकच्छु के बीज निःशुल्क वितरित किए गए। बड़ी संख्या में किसानों ने जैविक पद्धति से जड़ी–बूटी खेती अपनाने का संकल्प लिया।

### पहले सत्र में वैज्ञानिक मार्गदर्शन

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. ज्ञानेंद्र तिवारी डायरेक्टर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, क्षेत्रीय सह सुविधा केन्द्र, जबलपुर रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी भूपेश तिवारी ने की। वैज्ञानिकों ने औषधीय खेती की तकनीक, बाजार संभावनाओं और आयुष क्षेत्र के बढ़ते अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी।

### दूसरा सत्र बना ऐतिहासिक

दूसरे सत्र में छत्तीसगढ़ आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता बस्तर संभाग अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने की। दोनों नेताओं ने मंच से स्पष्ट कहा आदिवासी जंगल के बिना नहीं जी सकता। अब जंगलों और पेड़ों को बचाने के साथ–साथ जड़ी–बूटी खेती को अपनाना समय की आवश्यकता है।

### पेड़ बचाने और हर्बल खेती की अपील

दशरथ कश्यप ने कहा कि वे वर्षों से डॉ. राजाराम त्रिपाठी के कार्यों से परिचित हैं और बस्तर का नाम देश–विदेश में रोशन करने वाले इन प्रयासों पर आदिवासी समाज कौ। दोनों नेताओं ने एक स्वर में कहा कि मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के साथ आदिवासी समाज पूरी मजबूती से खड़ा है।

## पेज 7 के शेष

**तीन दिनी महाराष्ट्र...**
इस मामले में एक ही दिन में दो प्रेस नोट जारी किया, जिसमें बताया गया कि 04 फरवरी को माओवादियों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू किया और जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने माओवादियों के 2 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके उपरांत 05 फरवरी को सी 60 की 4 टुकड़ियाँ और सीआरपीएफ क्यूएटी भेजी गई। इस दिन हुई मुठभेड़ में 03 माओवादी मारे गए और 06 फरवरी को फिर से हुई मुठभेड़ में 04 और माओवादी मारे गए। इस प्रकार 3 दिनों में कुल 07 माओवादी ढेर हुए। विदित हो कि कंपनी नंबर 05 और परतापुर एरिया कमेटी के लगभग 35 की संख्या में नक्सली विगत दो माह से संगम और अबूझमाड़ के अदनार पंचायत में लगातार मूवमेंट चल रहा था। यह भी हल्ला था कि महाराष्ट्र में सक्रिय मल्लेश की 25 नक्सलियों की टीम भी इसी इलाके में है। यह टीम भामरागढ़ में सक्रिय कंपनी नंबर 10 के संपर्क में थी। इसी टीम पर पुलिस की नजर बनी हुई थी। कांकेर से भी टीम आपरेशन के लिए निकली थी, परंतु कांकेर टीम को सफलता नहीं मिली, वही महाराष्ट्र के भामरागढ़ में सक्रिय सी 60 और सीआरपीएफ को सफलता मिल गई। जंगल क्षेत्र के सूत्रों की मानें तो इस मुठभेड़ की एक अलग कहानी भी गढ़ी जा रही है, उसमें कितनी सत्यता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**पुलिस नक्सलियों को घेरने की फिराक में-** कांकेर, नारायणपुर और महाराष्ट्र पुलिस नक्सलियों की कंपनी नंबर 05, परतापुर एरिया कमेटी, भामरागढ़ कमेटी और कंपनी नंबर 10 के नक्सलियों को घेरने के लिए जुटी हुई है। मुखबिरों के माध्यम से लगातार उनको समर्पण के लिए अपील किया जा रहा है, उसके साथ ही आपरेशन भी चलाया जा रहा है। नक्सलियों के पास अभी भी समर्पण करने का मौका है, नहीं तो आपरेशन उनके खिलाफ तय है। पुलिस प्रतिदिन आपरेशन के लिए टीम भेज रही है, उसी डर से नक्सली समर्पण के लिए सामने नहीं आ पा रहे है।

**ट्रक-बाइक की भिड़ंत...**
दोनों युवकों को काफी दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। इस दर्दनाक हादसे में रितेश बढ़ई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गायता कपिल सलाम गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायल युवक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला। उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया, परंतु इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतकों के परिजन भी घटना की खबर मिलते ही पहुँच गए और क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के संबंध में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। जानकारों ने बताया कि ट्रक का मालिक संबलपुर का रहने वाला है और चालक चौगेल का निवासी है।

**विधायक आशाराम मैदान...**
सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे युवाओं को बेहतर माहौल मिल सके और उनकी प्रतिभा को सही दिशा मिल पाए। इसके पश्चात नगर पालिका के पंप हाउस का भी निरीक्षण किया गया। यहाँ जल आपूर्ति व्यवस्था, तकनीकी संसाधनों और रखरखाव की स्थिति की जानकारी ली गई। निरीक्षण का उद्देश्य शहर की जल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था, ताकि आम नागरिकों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस पूरे निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कौशिक भी उपस्थित रहे। उन्होंने शहर के विकास कार्यों को लेकर सहयोग और समन्वय की बात कही। निरीक्षण के अंत में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जनसेवा ही उनका संकल्प है और शहर के विकास तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर जमीनी स्तर पर सक्रिय रहेंगे। हमारा प्रयास है कि हम जनता के काम आ सके।

**पुलिस ने की...**
शराब बेच रहा है। जानकारी की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी गुलेश्वर जैन पिता बिटठ्ल जैन उम्र 59 वर्ष निवासी ठेकुना को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गए। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया एवं विधिवत कार्यवाही के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आमाबेड़ा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि आमाबेड़ा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने भट्टीपारा आमाबेड़ा निवासी 32 वर्षीय कुंजनलाल नेगी पिता राधेराम नेगी के घर के पीछे घेराबंदी कर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महुआ की अवैध शराब 7 लीटर बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**सुरेली सचिव की...**
गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। शिकायतकर्ता नरोत्तम साहू पिता जगनाथ साहू उम्र 40 वर्ष, निवासी पोटगांव द्वारा थाना कोरर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनका भाई मोटरसाइकिल से ग्राम कोदागांव से पोटगांव की ओर आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 19 सी 0316 के चालक ने शराब सेवन की हालत में लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया, जिससे उनके भाई की मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में, एएसपी योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कोरर की विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान गवाहों के कथन लेखबद्ध किए गए, जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी नवाज अली निवासी संजय नगर कांकेर ने जानबूझकर शराब के नशे में तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और भागते समय दूसरी मोटरसाइकिल को भी ठोकर मार दी, जिससे ग्राम सचिव की मृत्यु हुई। पुलिस ने आरोपी नवाज अली पिता स्व. युसुब अली उम्र 40 वर्ष निवासी संजय नगर कांकेर को गिरफ्तार कर 08 फरवरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 19 सी 0316 एवं ड्राइविंग लाइसेंस जब्त किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोरर में मर्ग क्रमांक 14/2026 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर शव पंचनामा एवं मर्ग जांच की गई। जांच उपरांत आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 281, 106(1), 105 बीएनएस एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

**वीडियो वायरल करने...**
अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, एएसपी आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना भानुप्रतापपुर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने शिकायतकर्ता के द्वारा दिए गए मोबाईल नंबर और बैंक खाते की जानकारी सायबर टीम को दिया। सायबर टीम के द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर भानुप्रतापपुर की पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मोबाइल ट्रैकिंग के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस एवं राजस्थान पुलिस के समन्वय से आरोपी को शाहिद खान पिता पप्पू खान, उम्र 25 वर्ष, निवासी खारेड़ा, थाना मालाखेड़ा, जिला अलवर (राजस्थान) को अलवर से पकड़ने में सफलता मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को 8 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक प्रेम कुमार झा, प्रधान आरक्षक सचिन शोरी, प्रधान आरक्षक विजय कटकवार एवं आरक्षक क्रमांक प्रणय यादव का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### गैरहाजिर सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी को उपस्थित होने नोटिस

**दंतेवाड़ा।** व्यवहार न्यायालय सुकमा में पदस्थ स्थापना सहायक ग्रेड-2 लिपिक केश कुमार सोनकर को सूचित किया गया है कि 6-7 माह पूर्व से निरंतर बिना किसी सूचना एवं आवेदन पत्र के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण विभागीय जांच संस्थित की गई है जो कि कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष लंबित है। उक्त विभागीय जांच में उपस्थित होने हेतु लिपिक केश कुमार सोनकर को अनेक बार रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया है, किन्तु नोटिस का उक्त लिपिक के दिये गये स्थाई एवं अंतिम ज्ञात पते पर न रहने की टीप सहित वापस किया गया है। उपरोक्त लिपिक को निर्देशित किया गया है कि 7 मार्च को दोपहर 2 बजे उक्त विभागीय जांच प्रकरण की सुनवाई हेतु कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना बासागुड़ा क्षेत्रांतर्गत 3 जनवरी 2026 को ग्राम गगनपल्ली व मुरकीपाड के जंगल पहाड़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 1 अज्ञात पुरूष माओवादियों तथा एक महिला नक्सली के शव सहित नक्सली साहित्य, हत्यार व अन्य सामग्री बरामद की गई। इसी तरह थाना पामेड़ क्षेत्रांतर्गत घटना 29 जनवरी को ग्राम कावरगट्टा के जंगल पहाड़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई थी। घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 2 अज्ञात पुरूष माओवादीओं के शव सहित अन्य नक्सल सामग्री एवं हथियार बरामद किया गया है। थाना भोपालपटनम एवं फरसेगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम अन्नापुर एवं मट्टीमरका के बीच जंगल पहाड़ में नक्सली मुठभेड़ हुई थी जिसमें सर्चिंग के दौरान 4 पुरूष माओवादियों के शव एवं 8 महिला माओवादि के शव सहित हथियार व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। अतः इस संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 19 फरवरी तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर जानकारी प्रस्तुत कर सकते हैं एवं उक्त दो घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 20 फरवरी तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी, उसूर में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

### स्टेट पॉवर कम्पनीज रायपुर के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग में कार्यरत बिजली कार्मिकों की समस्याओं एवं मांगों के संबंध में संघ ने तीन सूत्रीय मांगों पर स्टेट पॉवर कम्पनीज रायपुर के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी ने बताया कि वर्तमान में संभाग में कार्यालयीन एवं लाईन कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है। कार्यालयीन कर्मचारियों में वर्ष 2021 से विगत 8 एवं 5 वर्षों से अधिक समय से भर्ती लंबित है निरंतर नये कार्यालय खोले जा रहें है, कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यों का बोझ बढ़ता जा रहा है। कार्यालयीन एवं लाईन कर्मचारियों की भर्ती की जाए। पुरानी पेंशन से आज पर्यंत वंचित हैं जबकि वर्तमान में राज्य शासन के समस्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, पुरानी पेशन बहाल नहीं होने के कारण पॉवर कम्पनीज के कर्मचारियों में कम्पनी के प्रति घोर निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है।

# कलेक्टर ने विभिन्न विषयों की एक-एक कर समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की एक-एक कर विस्तृत समीक्षा

■ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, कोटपा अधिनियम सहित अन्य एजेंडे पर दिए निर्देश

की। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं, मुख्यमंत्री की घोषणाओं, निर्देशों, मानव अधिकार आयोग एवं उच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित विभागों से हस्ताक्षरित प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आवारा मवेशी एवं आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान, मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं, कोटपा अधिनियम के अंतर्गत की गई विभागीय कार्यवाही, तथा जनगणना 2027 की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पुनर्वास केन्द्रों के साप्ताहिक निरीक्षण, वेलकम किट, टूल किट वितरण, भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता, छात्रवृत्ति भुगतान, परिवार से मिलवाने की व्यवस्था, एसओपी अपडेट करने तथा शैक्षणिक भ्रमण एवं खेलकूद




गतिविधियों को नियमित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा कलेक्टर ने नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की विभागवार सेचुरेशन समीक्षा की गई। साथ ही नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत निर्माण कार्य, मॉडल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी एवं पीएचई से जुड़े कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इसके अलावा उनके द्वारा विभागों से प्राप्त भूमि आबंटन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। साथ ही एनसीईआर, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, बैंक खाता, मनरेगा जॉब कार्ड एवं पीएम आवास योजना में शेष गैप को शीघ्र भरने पर जोर दिया गया। बैठक में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं देयकों के भुगतान की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। और अत्यंत जर्जर शासकीय भवनों (विशेषकर स्कूल भवन) को अयोग्य घोषित कर डिस्मेंटल की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने ने सीपी जीआरएमएस, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सचिवालय, जन शिकायत पंजीयन, ई-समाधान, कलेक्टर जनदर्शन, सम्पर्क के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा बैठक में ग्राम मुलेर में सड़क एवं पुलिया निर्माण, मुलेर-नहाड़ी सड़क निर्माण कार्य, दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों में अधिकारियों के नियमित भ्रमण, तथा बसों में आग के खतरे की रोकथाम एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर भी विशेष चर्चा की गई।

### विधानसभा प्रभारी ने कहा केंद्र सरकार छग के सर्वांगीण विकास के लिए संवेदनशील

# समूचे छत्तीसगढ़ व बस्तर के विकास में उड़ान के लिए बजट: मद्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

समूचे छत्तीसगढ़ व बस्तर के विकास में उड़ान के लिए बजट ने केन्द्र सरकार के बजट को नवोत्थान और वैश्विक भारत की प्रतिष्ठापना वाहक बताया और कहा कि इस बार के बजट में सिर्फ आँकड़े ही नहीं हैं, बल्कि विकसित भारत-2047 का विजन भी सामने रखा गया है।

श्रीनिवास राव मद्दी ने बजट प्रावधानों की सराहना की और इसे केवल एक वार्षिक वित्तीय विवरण न मानकर देश के अगले 25 वर्षों के विकास का मार्गदर्शक विजन डॉक्यूमेंट बताया। मद्दी ने महत्वपूर्ण तथ्य साझा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के बस्तर खनन-समृद्ध जिलों को सीधा लाभ बताया आगे कहा कि यह बजट तीन विशेष कर्तव्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से सुदृढ़ बनाएंगे। इस बजट में 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को भी स्वीकार किया गया है, जिसकी योजनाएं आगामी 5 वर्षों के लिए महत्वपूर्ण दिशा तय करेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बजट में निर्धारित लक्ष्यों के माध्यम से देश बिजली, बुनियादी ढांचे और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति करेगा। यह बजट समावेशी विकास की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है।

# छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा गीदम के नवीनीकृत भवन परिसर का उद्घाटन बैंक के महाप्रबंधक विजय वसंत रायकवाड़ ने किया। उन्होंने नवनिर्मित शाखा भवन का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर ग्राहक, क्षेत्रीय प्रबंधक जगदलपुर मोहित सिंघल, वरिष्ठ प्रबंधक परिचालन वेदप्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक अग्रिम नन्दलाल यादव, शाखा प्रबंधक आशुतोष पाठक एवं शाखा के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक रायकवाड द्वारा ग्राहकों से संवाद कर बैंक की विभिन्न महत्वाकांक्षी ऋण योजनाओं, बीमा



उत्पाद एवं अन्य मुख्य बैंकिंग उत्पादों के बारे में जानकारी साझा की गई एवं ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने हेतु एवं बैंक हित में ग्राहकों से आवश्यक सुझाव भी लिए। उन्होंने सभी ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया, साथ ही उपस्थित समस्त सेवायुक्तों को सर्वसुविधायुक्त नवीनीकृत शाखा भवन में काम करते हुए व्यवसाय वृद्धि एवं ग्राहकों को स्तरीय सुविधाएं एवं बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# शी-बॉक्स पोर्टल को लेकर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीजापुर जिले में शी-बॉक्स पोर्टल को लेकर जिला-स्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय, शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न विभागों में महिला कर्मचारियों और अधिकारियों को शी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी दी जा रही है। अभियान का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वय से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को बताया गया कि शी-बॉक्स पोर्टल केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से महिलाएं कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न



से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन, गोपनीय और सुरक्षित तरीके से दर्ज कर सकती हैं। इससे शिकायतों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण में सहायता मिलती है। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल किसी एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे बीजापुर जिले में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक कार्यरत महिला को उसके अधिकारों की जानकारी मिल सके।

# बालिका छात्रावास में हुई विदाई व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास बास्तानार में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष बलदेव मण्डावी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, उपसरपंच सुरेंद्र कुहरामी, समाज प्रमुख बामन मण्डावी एवं गणमान्य नागरिक तथा पालक की उपस्थिति में कार्यक्रम को संचालित किया गया। वर्ष 2025 में छात्रावास में प्रथम स्थान पाने वाले छात्राओं को मोमेन्टो देकर एवं 12 वीं की छात्राओं की विदाई देकर उनकी सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। गत वर्ष प्रथम अंक से उत्तीर्ण बच्चे जयबती, शुचिता, नीलो, प्रमिला, बिन्दु को मोमेन्टो देकर सम्मन किया गया एवं छात्रावास के अच्छे



कार्य के लिए ललिता का भी सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम छात्रावास की अधीक्षिका कंचन विश्वकर्मा द्वारा आयोजन किया गया। इसमें बास्तानार पीटीआई जसमोतिन दुग्गे एवं केजीव्हीबी के प्राचार्य संगीता सिंह एवं व्याख्यता कौशल प्रसाद शामिल रहे। अधीक्षिका द्वारा यह अच्छी पहल थी, जिससे छात्रावास की ग्रामीण अंचल के बच्चें एवं पालक में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के सम्मान समारोह से दूसरे छात्राओं में भी प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी।

अधीक्षिका ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं पालक, शिक्षकों का सम्मान पूर्वक धन्यवाद दिया। छात्रावास के सभी कर्मचारी रामबती, रन्नो, सुबो, तिलोमा, ममता, एवं एकलव्य के शिक्षक भी शामिल रहे।

## एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष का जोशीला स्वागत...

जगदलपुर। ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मराज महापात्र का आगमन भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा जगदलपुर में हुआ। गगन भेदी नारों के बीच पटाखे और माला बुके से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विजय कुमार तिवारी ने बुके से स्वागत किया। इस अवसर पर शाखा के समस्त क्लास वन अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



# नांबी गांव में इको-टूरिज्म से आत्मनिर्भरता की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अब विकास की नई तस्वीर उभरने लगी है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश एवं उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा के मार्गदर्शन में पुजारी कांकेर परिक्षेत्र अंतर्गत पामेड़ क्षेत्र में स्थित ग्राम नंबी में इंद्रावती टाइगर रिजर्व से जुड़े क्षेत्र में रैम्प योजना के तहत होम-स्टे एवं इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन 6 फरवरी को हुआ।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने के बाद इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आजीविका



आधारित विकास का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है। कार्यक्रम की नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन रही। जबकि प्रशिक्षण चॉइस कंसल्टेंसी सर्विस पीवीटी लिमिटेड द्वारा प्रदान किया गया। इस पहल को सफल बनाने में जिला प्रशासन और वन विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को होम-स्टे संचालन, अतिथि सत्कार, स्वच्छता, सुरक्षा मानक, स्थानीय एवं पारंपरिक व्यंजन, पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यटकों से व्यवहार से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि इको-टूरिज्म के माध्यम से जंगल, वन्यजीव और स्थानीय संस्कृति को संरक्षित रखते हुए स्थायी रोजगार और आय के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि कभी नक्सल गतिविधियों के लिए पहचाने जाने वाले पुजारी कांकेर तथा पामेड़ क्षेत्र में अब विकास, पर्यटन और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस शुरुआत हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने गांव के भविष्य के लिए बेहद लाभकारी बताया।

ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की पहल से नंबी गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में युवाओं को गांव में ही रोजगार मिलेगा और बीजापुर जिले की पहचान अब केवल नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि इको-टूरिज्म और संरक्षण आधारित विकास मॉडल के रूप में स्थापित होगी।

### मेथोडिस्ट चर्च में मना धन्यवादी पर्व

# एक बकरे की 38500 में हुई बोली






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चंदिया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च जगदलपुर में आज वार्षिक धन्यवादी पर्व मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रेव्ह. जोसफ वेलीन थे। आराधना का संचालन रेव. यूसुफ सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता रेव्ह. सैमसन बघेल द्वारा परमेश्वर के वर्ष भर के उपकार एवं आशीष हेतु परमेश्वर को धन्यवाद देने के विषय में संदेश दिया गया।

उन्होंने बताया कि परमेश्वर के तमाम उपकारों के लिए अपनी कमाई के द्वारा अपनी भूमि की पहली उपज के द्वारा और नौकरी एवं व्यवसाय की कमाई के दसवां भाग देने के द्वारा परमेश्वर को धन्यवाद देने के विषय में संदेश दिया गया। वार्षिक धन्यवादी पर्व में बड़ी संख्या में स्थानीय कलीसिया के लोग एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पास्टर मिशनरी एवं विश्वासी उपस्थित थे। आराधना के बाद नीलामी का कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें सबसे बड़ी बोली एक बकरे में लगी जो लगभग 38 हजार पांच सौ रुपए का हुआ। इस नीलामी में कलीसिया के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धन्यवादी कार्यक्रम में बोली बोलने वालों में शैलेंद्र शाह, जॉर्डन सामंत,अंचल हिल, सुजीत नाग, प्रिंस मसीह, रोनी सामंत, आदिश सिंग, क्रिस बघेल, वैभव सिंग और हानोक ने संचालन किया।

विशेष रुप से रेव्ह. युसूफ सिंह, किशोरी थॉमस, सैमसंग बघेल, बामदेव कुंजाम, पांडू बघेल, मंदर कश्यप, ईश्वर कश्यप, सुधर नाग, फगनू कश्यप और विनीश शाह, रविन्द्र दानी, हीजिकेल नाथ उपस्थित थे। इसकी जानकारी अनिमेष दास ने दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कोण्डे स्कूल के विद्यार्थियों ने पीएम की परीक्षा पे वार्ता सुनी

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डे में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर एवं शासन के निर्देशानुसार कार्यालय प्राचार्य बाबूलाल कोमरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त कर सकारात्मक सोच के साथ आत्मविश्वास बढ़ाना तथा बेहतर तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के मिडिल, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के समस्त विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित लाईव परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखा एवं सुना। इस दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासनपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण बना रहा। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बिंदुवार रूप से परीक्षा से जुड़े तनाव, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच तथा लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, इसे डर या दबाव के रूप में नहीं लेना चाहिए, बल्कि इसे आत्ममूल्यांकन का अवसर समझकर आगे बढ़ना चाहिए।
प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और साथ ही उन्होंने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में विद्यार्थियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन को सफल एवं सार्थक रूप से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में राधेलाल समरथ, पुनीत पिस्दा, धर्मेंद्र साहू, महेश्वर सिन्हा, सत्येंद्र कोमा, थनेश्वर, बहादुर नागवंशी, राजेश कुर्रे, चुरामण मांझी, लेखराम टांडिया, युवराज उइके सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### पीस मैराथन में कांकेर की महिला वर्ग ने बाजी मारी

**कांकेर।** आबुझमाड़ पीस मैराथन 2026 में क्षेत्र के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 21 किलोमीटर दौड़ में लिकेश्वरी तारम ने 11 वां स्थान तथा जितेश्वरी भारकर ने 12वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। भावेश सलाम ने 22 किलोमीटर दौड़ को 1 घंटा 12 मिनट 12 सेकंड में पूरा करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

# कोड़ाखुर्री में मनाई माता पहुंचानी शीतला मंदिर में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ाखुर्री में परंपरागत पर्व माता पहुचानी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया गया। पर्व को लेकर पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

माता पहुचानी पर्व के अवसर पर ग्रामीणों ने सुबह से ही मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर पूजा की तैयारी की। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं की आराधना की गई। पूजा के दौरान गांव की सुख-शांति, समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। ग्रामीणों ने माता के मंदिर के चारों ओर परिक्रमा भी की। ग्रामीणों का कहना है कि माता पहुचानी पर्व वर्षों से गांव में परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से शीतला माता की पूजा की जाती है। मान्यता है कि माता रानी की कृपा से गांव में रोग-व्याधि नहीं फैलती, वातावरण शुद्ध रहता है और परिवारों में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस पर्व के दौरान गांव के वरिष्ठ जनों एवं पुजारियों ने पूजा विधि का संचालन किया। साथ ही धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए सभी ने मिलकर सामूहिक रूप से देवी आराधना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम गायता-धनी राम तुलावी, ग्राम पटेल एवं पुजारी सुरेश तुलावी, रामू राम, जगदेव राम, धनसाय तुलावी, अनिल उयके, नरेश तुलावी, मनोज उयके, नारायण गावड़े, राजू उयके, राधेश्याम गावड़े सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बदलती शिक्षा प्रणाली पर विद्यालय व अभिभावकों की भूमिका पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




■ जेपी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के मार्गदर्शन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

शिक्षा के बदलते स्वरूप में विद्यालय और अभिभावकों की भूमिका को समझने एवं आपसी समन्वय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के मार्गदर्शन में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा की वर्तमान अवधारणाओं, मूल्यांकन प्रक्रिया और विद्यार्थियों के विकास में उनकी भूमिका पर संवाद का अवसर प्रदान किया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण विशेषज्ञ नगमा खातून डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मैनपुर गरियाबंद तथा बी. हेमलता, ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल रायपुर उपस्थित रहीं। दोनों संसाधन व्यक्तित्वों ने शिक्षा से जुड़े अनुभव साझा किए और यह स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जीवन कौशल, व्यवहार, भावनात्मक संतुलन और सामाजिक समझ भी सम्मिलित है। इस अवसर पर जेपी इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ पैराडाइज स्कूल के शिक्षकों ने भी भाग लिया। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों के बीच हुए विचार-विमर्श ने कार्यक्रम को संवादात्मक स्वरूप प्रदान किया। साझा अनुभवों से यह संदेश सामने आया कि विद्यालयों के बीच सहयोग से शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर दिशा मिलती है। स्वागत उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब अभिभावक विद्यालय की शिक्षण प्रक्रिया को समझें और उसमें भागीदारी निभाएँ।

आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र पैराडाइम शिफ्ट इन एजुकेशन में वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आए बदलावों पर चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि शिक्षा अब रटने तक सीमित न रहकर समझ, विश्लेषण, रचनात्मकता और अनुप्रयोग पर आधारित हो गई है। विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, सोचने और समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विशेषज्ञों ने कहा कि यदि अभिभावक इस परिवर्तन को समझें, तो वे बच्चों पर अंक आधारित दबाव कम करेंगे और सीखने की प्रक्रिया को सहयोग देंगे। द्वितीय सत्र असेसमेंट रिफॉर्म्स में सीबीएसई द्वारा लागू नई मूल्यांकन प्रणाली की जानकारी दी गई। दक्षता आधारित प्रश्न, आंतरिक मूल्यांकन, परियोजना कार्य, गतिविधि आधारित अधिगम और सीखने के परिणामों पर आधारित मूल्यांकन की भूमिका पर चर्चा की गई।

यह बताया गया कि अब मूल्यांकन विद्यार्थियों की प्रगति को समग्र रूप से देखने पर आधारित है, न कि केवल वार्षिक परीक्षा पर। तृतीय सत्र अपने बच्चे को जानें में यह बताया गया कि प्रत्येक बच्चा अपनी रुचि, क्षमता और सीखने की गति के अनुसार अलग होता है। यदि अभिभावक इन पहलुओं को समझें, तो वे बच्चों की शिक्षा में सहयोग कर सकते हैं। शिक्षकों को यह सुझाव भी दिया गया कि वे अभिभावकों को बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के प्रति संवेदनशील बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं। संसाधन व्यक्तित्वों ने सरल और व्यावहारिक उत्तर देकर मार्गदर्शन किया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए और कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ अभिभावकों को शिक्षा की प्रक्रिया से जोड़ने में सहायक होते हैं। आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ का सहयोग रहा। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम विद्यालय-अभिभावक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में सामने आया।

# ग्राम गितपहर में कचरा फेंकने पर भड़का विवाद और मारपीट, काउंटर केस फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मामलों की पुलिस जांच जारी, वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

पुलिस चौकी हल्बा अंतर्गत ग्राम गितपहर में मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। कचरा फेंकने को लेकर पड़ोसियों के बीच हुए इस विवाद में एक दंपति सहित दो परिवारों के लोग घायल हो गए। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गितपहर निवासी 31 वर्षीय अजय उसेंडी पिता स्वर्गीय राजेश्वर उसेंडी अपनी पत्नी अर्चना उसेंडी के साथ पुलिस चौकी हल्बा पहुंचे और लिखित शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि 06 फरवरी को सुबह लगभग 10 बजे उनके पड़ोसी बलदेव मंडावी अपने घर का कचरा उनके घर की बाड़ी में फेंक रहे थे। मना करने पर बलदेव मंडावी और उसके पुत्र आकाश मंडावी द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा हाथ-मुक्का व लातों से मारपीट की गई। मारपीट में अजय उसेंडी के सिर में तथा उनकी पत्नी अर्चना के सिर, हाथ, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। घटना के दौरान गांव के गौतम मरकाम एवं दुखिया बाई मंडावी ने बीच-बचाव कर दोनों को छुड़ाया। पुलिस ने प्रथम सूचना के आधार पर बिना नंबरी अपराध क्रमांक 00/2026 को थाना नरहरपुर में असल नंबरी करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

वहीं दूसरे पक्ष से शिकायत लेकर पहुंचे 45 वर्षीय बलदेव मंडावी पिता स्वर्गीय अंकालू राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह अपनी पत्नी सुमित्रा बाई मंडावी के साथ घर के सामने गली में मौजूद थे। इसी दौरान पड़ोसी अजय उसेंडी एवं उसकी पत्नी अर्चना उसेंडी द्वारा कचरा रखने की बात को लेकर विवाद शुरू किया गया, जो बढ़ते हुए मारपीट में बदल गया। आरोप है कि गालियां देते हुए हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना में बलदेव मंडावी को कमर में तथा उनकी पत्नी सुमित्रा बाई को बाएं पैर के घुटने और दोनों हाथों की कोहनी में चोट आई।

घटना को रोहिदा मंडावी एवं भुनेश्वर मंडावी ने देखा, जबकि गौतम मरकाम एवं दुखिया बाई मंडावी ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया। पुलिस ने बलदेव मंडावी की शिकायत पर भी अजय उसेंडी एवं अर्चना उसेंडी के खिलाफ थाना नरहरपुर में धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दोनों मामलों की जांच की जा रही है तथा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दुर्गुकोंदल की पंचायतों में मनरेगा रोजगार व पीएम आवास दिवस का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 7 फरवरी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर के मार्गदर्शन में हुआ।

आयोजन का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराना, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवासों की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 90 दिवस की मास्टर रोल, मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, मजदूरी भुगतान की स्थिति एवं कार्यों से संबंधित लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों की जानकारी भी साझा की गई ताकि पंचायत स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जिससे ग्रामीण अब डिजिटल माध्यम से भी योजना की स्थिति, पात्रता एवं लाभ संबंधी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के उद्देश्यों और प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह मिशन विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत सीईओ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में चावल उत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं की सही एवं समय पर जानकारी मिल सके और वे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# शराब अहाते में भालू की आमद, युवक ने सांस रोक कर लेटा व बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





■ चार मिनट तक मंडराता रहा भालू, युवक हिकमत काम आई

कभी-कभी जिंदगी बचाने के लिए ताकत नहीं, बल्कि सूझबूझ और धैर्य की जरूरत होती है। ऐसा ही एक रोंगटे खड़े कर देने वाला दृश्य कांकेर जिले के नरहरपुर क्षेत्र में देखने को मिला, जहां शराब दुकान के आहाते में सो रहा एक युवक अचानक मौत के मुंह में पहुंच गया। आधी रात को जंगली भालू उसके बिल्कुल करीब आ गया, लेकिन युवक ने खुद को पत्थर बना लिया और यही उसकी जान बचा गया।

घटना के अनुसार नरहरपुर क्षेत्र के एक शराब आहाते में युवक शराब के नशे में सो रहा था, तभी जंगल से भटककर एक जंगली भालू आहाते में घुस आया। भालू सीधे सो रहे युवक के पास पहुंच गया, वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया, लेकिन युवक ने होशियारी दिखाते हुए कोई भी हरकत नहीं की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भालू करीब चार मिनट तक युवक के आसपास मंडराता रहा। इस दौरान युवक की सांसें थमी रहीं और मौके पर मौजूद लोगों का दिल दहशत से कांप उठा। भालू कभी युवक के सिर के पास तो कभी पैरों की ओर घूमता रहा, लेकिन युवक पूरे समय जमीन पर निश्चल पड़ा रहा। किस्मत और सूझबूझ ने साथ दिया और भालू बिना कोई नुकसान पहुंचाए आहाते से निकलकर वापस जंगल की ओर चला गया। भालू के जाते ही राहत की सांस ली और युवक सुरक्षित बाहर निकाला गया।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग को जानकारी दी गई। विभाग ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। वन विभाग का कहना है कि जंगल से सटे इलाकों में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ रही है, ऐसे में रात के समय विशेष सावधानी जरूरी है।

### 10 से 3 बजे तक कुम्हारपारा से लालबाग तक का मार्ग प्रतिबंधित रहेगा आज

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रवास को देखते हुए सोमवार को यातायात पुलिस ने नागरिकों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी किया है। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कुम्हारपारा चौक, शहीद पार्क तिराहा, कोतवाली चौक, अभियंता तिराहा, गणतंत्र द्वार (लाल बाग मैदान) तक वीआईपी रूट होने के कारण सामान्य परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। नागरिकों से कहा कि असुविधा से बचने डाइवर्टेड मार्ग बोधघाट हाटकचौरा मार्ग का उपयोग करें। वीआईपी विजिट हेतु आ रहे समस्त नागरिकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें गणपति रिसोर्ट के सामने मैदान, आमगुड़ा जिओ पेट्रोल पम्प के बाजू, कुम्हड़ाकोट मैदान है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भ्रम और अविश्वास के कारण समाज में बढ़ रही कलह : कृष्ण कालीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



■ ग्राम बारदेवरी सलिहापारा में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा जारी

भक्ति, वैराग्य और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत माहौल के बीच कांकेर ब्लाक अंतर्गत ग्राम बारदेवरी सलिहापारा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत वैदिक यात्रा संगीतमय कृष्ण महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए आस्था का महाकुंभ बन गया। बारदेवरी सलियापारा में 1 फरवरी को कुबेर गुरुवर के निवास स्थान से शुभारंभ हुए इस विराट आयोजन में प्रतिदिन दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। पूरे ग्राम क्षेत्र में हरि नाम की गूंज, भजनों की मधुर स्वर लहरियां और भक्तिरस से सराबोर वातावरण बना हुआ है। कथा के आठवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचक पंडित कृष्ण कालीदास ने अत्यंत सारगर्भित प्रवचन देते हुए कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को एक मुख और दो कान इसलिए दिए हैं, ताकि वह अधिक सुने और कम बोले। कम बोलने वाला व्यक्ति अपनी बुद्धि का श्रेष्ठ उपयोग करता है, जिससे मानसिक शांति के साथ शरीर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भ्रम और अविश्वास के कारण समाज में कलह बढ़ रहा है, जो स्पष्ट रूप से कलियुग का संकेत है। भागवत कथा ऐसे समय में मानव जीवन को सही दिशा देने का माध्यम बनती है। 1 फरवरी से प्रारंभ इस भागवत कथा में स्थापना के साथ परीक्षित जन्म, वराह अवतार, सती चरित्र, ध्रुव, भरत, अजामील, प्रह्लाद चरित्र, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, राम और श्रीकृष्ण अवतार, बाल लीलाएं, श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह, जरासंध वध, सुदामा चरित्र तथा परीक्षित मोक्ष जैसी पावन कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। संगीतमय प्रस्तुति ने कथा को और भी जीवंत बना दिया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा के आठवें दिन अंतिम पहर में तुलसी वर्षा का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पूरा पंडाल हरि बोल" और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

# अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा के लिए कालेज के खिलाड़ी ओडिशा गए



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने एक बार फिर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाते हुए अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रस्थान किया है। खिलाड़ियों के रवाना होने से महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। खो-खो महिला वर्ग में महाविद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी ज्योति एवं कमीतला शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए फकीर मोहन विश्वविद्यालय बालासोर उड़ीसा में 10 से 13 फरवरी तक आयोजित अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। इसी क्रम में हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए पुरुष वर्ग में दिघात मेश्राम तथा महिला वर्ग में दुर्गेश्वरी हिचामी का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय में 10 से 14 फरवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के अनुशासन, समर्पण और सतत अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। खिलाड़ियों को उनके प्रशिक्षक एवं क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों तथा जनभागीदारी समिति ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। महाविद्यालय परिवार को आशा है कि ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और जुझारूपन से विजय पताका फहराकर संस्थान को गौरवान्वित करेंगे।



स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411